July 11, 2026

Asst. Vice President, Listing Deptt.,
**National Stock Exchange of India Ltd.**
Exchange Plaza, Plot C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E),
Mumbai - 400 051
Scrip Code: HEROMOTOCO

The Secretary,
**BSE Limited**
25th Floor,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai - 400 001
Scrip Code: 500182

**Subject: Newspaper advertisement - Disclosure under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir / Madam,

Please find enclosed herewith the copy of newspaper advertisements published today confirming dispatch of the Notice of 43rd Annual General Meeting (AGM) and the Integrated Annual Report of the FY 2025-26, providing information pertaining to e-voting, conducting AGM through Video Conferencing / Other Audio Visual Means, Record Date for dividend, etc. and the special window for transfer and dematerialization of physical shares.

This is submitted for your information and records.

Thanking you,

**For Hero MotoCorp Limited,**

Digitally signed by: PRABHAT SINGH
Date: 2026.07.11 14:32:10 +05'30'

**Prabhat Singh**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl.: As above

Hero VIDA

# Hero MotoCorp Limited

**Registered Office:** The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi – 110070, India

**CIN:** L35911DL1984PLC017354 | **Phone:** +91-11-46044220 | **Fax:** +91-11-46044399

**Email:** secretarialho@heromotocorp.com, | **Website:** www.heromotocorp.com

## NOTICE OF 43rd ANNUAL GENERAL MEETING, E –VOTING AND DIVIDEND

A. Notice is hereby given that the **43rd Annual General Meeting (AGM)** of the members of **Hero MotoCorp Limited** (Company) will be held on **Wednesday, August 05, 2026 at 11:30 A.M.** through **Video Conference (VC)/Other Audio Visual Means (OAVM)** in compliance with the applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the Rules made thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ('Listing Regulations') read with General Circular Nos. 20/2020 dated May 5, 2020 and subsequent circulars issued in this regard, the latest being General Circular No. 03/2025 dated September 22, 2025 issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA"), to transact the businesses as set forth in the Notice of the AGM.

B. In compliance with the Listing Regulations and the aforementioned circulars, electronic copies of the Notice of AGM and the Integrated Annual Report of FY 2025-26, have been sent to all the members whose email addresses are registered with the Depository Participants (DP)/Registrar and Share Transfer Agent (RTA) as on July 3, 2026. These documents are also available on the website of the Company at www.heromotocorp.com, website of Stock Exchanges, i.e., BSE Limited (BSE) at www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited (NSE) at www.nseindia.com and on the website of National Securities Depository Limited (NSDL) at, www.evoting.nsdl.com. The dispatch of Notice of AGM and the Integrated Annual Report through emails has been completed on Friday July 10, 2026. A Letter providing the web-link and QR code for accessing the Notice of AGM and Integrated Annual Report for the FY 2025-26 was dispatched to those Members who have not registered their email addresses with the DP/RTA. The procedure to join the meeting through VC/OAVM is provided in the Notice of AGM.

C. **REMOTE E-VOTING AND VOTING AT THE AGM**

Members holding shares either in physical form or in dematerialized form may cast their vote electronically on all items of businesses as set out in the Notice of AGM through electronic voting system (e-voting) of NSDL. The members are further informed that:

i. The business as set forth in the Notice of the AGM may be transacted through remote e-voting or e-voting at the AGM.
ii. The Cut-off Date for determining the eligibility to vote by remote e-voting or e-voting at the AGM is Wednesday, July 29, 2026.
iii. The remote e-voting begins at 9:00 a.m. (IST) on Friday, July 31, 2026.
iv. The remote e-voting ends at 5:00 p.m. (IST) on Tuesday, August 4, 2026.
v. Remote e-voting module will be disabled by NSDL after 5:00 p.m. IST on Tuesday, August 4, 2026.
vi. Once the vote on a resolution is cast by a Member, same cannot be changed subsequently.
vii. The facility of voting through e-voting system shall also be made available on the day of AGM for those members who did not cast their vote during the remote e-voting period.
viii. The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again at the meeting.
ix. A person whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the Depositories as on the Cut-off Date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting or e-voting at the AGM.
x. Any person who acquires shares and becomes Member of the Company after the dispatch of the Integrated Annual Report and Notice of AGM and holding shares as on the Cut-off date, may obtain Login ID and Password to access the e-voting portal of NSDL by sending a request at evoting@nsdl.com or call on 022-48867000. However, if a person is already registered with NSDL for e-voting, then the existing User ID and Password may be used.
xi. The manner of remote e-voting and e-voting at the AGM for members holding shares in physical mode or dematerialized mode or who have not registered their email addresses with the DP/RTA, is provided in the Notice of AGM which is also available on the Company's website as well as the website of the BSE, NSE and NSDL.

D. **EMAIL REGISTRATION**

Manner of registering/ updating email address:

i. Members, holding shares in physical mode are requested to get their KYC details and email addresses registered by visiting the following link: https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx or by writing to our RTA Kfin Technologies Limited at einward.ris@kfintech.com.
ii. Members, holding shares in dematerialized mode are requested to register / update their email addresses with their respective Depository Participants with whom they have their Demat Account(s).

E. **ASSISTANCE ON E-VOTING AND PARTICIPATION AT THE 43RD AGM**

In case of any queries regarding remote e-voting, e-voting during AGM, and participation in the AGM members may write to the undersigned, at The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj , Phase-II, New Delhi – 110070 or at email ID: secretarialho@heromotocorp.com or contact us at +91-11-46044220. Further, for e-voting queries, members may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual available for them at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on.: +91-022-48867000 or send a request to Ms. Pallavi Mhatre, Deputy Vice President, NSDL, at evoting@nsdl.com, who will also address the grievances connected with the voting by electronic means.

F. **DIVIDEND**

The Company has fixed the record date as Friday, July 24, 2026, for the purpose determining entitlement of the members for the final dividend. The dividend, if approved by the Members at the ensuing AGM, will be paid by September 4, 2026. In accordance with the Listing Regulations, all dividend payments will now be remitted only through electronic mode and no payable-at-par warrants or cheques or drafts shall be issued towards dividend pay-outs. Therefore, we also request you to register your email IDs, mobile numbers, signature specimen and update your bank account details with your respective DP for receiving electronic credit of dividends directly into your bank accounts, in case shares are held in dematerialized form or with the RTA for shares held in physical form. Failure to update any of the aforesaid details shall result in non-remittance of dividend. Further, the SEBI has mandated that those Members who do not have KYC details updated in their folios, shall be paid dividend electronically only after the said details are furnished by them. Members holding shares in physical form are therefore requested to update their KYC details with the Company/RTA before July 24, 2026 to enable electronic credit of dividend. Members holding shares in demat form are requested to keep their Electronic bank Mandate updated with their respective DP and please note that bank account details as furnished by the DP will be considered for remittance of dividend as per the applicable regulations of the Depositories.

G. **INTIMATION OF SPECIAL WINDOW FOR TRANSFER AND DEMATERIALISATION OF PHYSICAL SHARES**

Pursuant to the SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 dated January 30, 2026, shareholders of the Company are hereby informed that a Special Window has been opened for a period of one year from February 05, 2026 to February 04, 2027 for transfer and dematerialisation ("demat") of physical securities which were sold/purchased prior to April 01, 2019. This special window shall also be available for such transfer requests which were submitted earlier and were rejected/returned due to deficiency in the documents/ process/or otherwise.

Eligible shareholders may submit their transfer deeds, original share certificates along with other requisite documents to the Company's Registrar and Share Transfer Agent (RTA) at KFin Technologies Limited, Selenium Building, Tower-B, Plot No. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddy, Telangana, India-500032, email- einward.ris@kfintech.com.

During this period, the securities that are re-lodged for transfer shall be issued only in dematerialized mode and shall be under lock-in for a period of one year from the date of registration of transfer. Such securities shall not be transferred/lien-marked/pledged during the said lock-in period.

The details regarding the opening of this special window are disseminated on the Company's website at www.heromotocorp.com.

This notice is being issued for the information and benefit of all the Members of the Company and is in compliance with the applicable circulars of the MCA and SEBI.

Scan the QR to view the Integrated Annual Report and Notice of 43rd AGM

Place: New Delhi
Date: July 10, 2026

For Hero MotoCorp Limited
Prabhat Singh
Company Secretary & Compliance Officer

Hero VIDA

# हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड




**पंजीकृत कार्यालय:** द ग्रैंड प्लाज़ा, प्लॉट नंबर-2, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज – फेज-II,
नई दिल्ली – 110070, भारत
**सीआईएन:** L35911DL1984PLC017354 | **फोन:** +91-11-46044220 | **फैक्स:** +91-11-46044399
**ई-मेल:** secretarialho@heromotocorp.com | **वेबसाइट:** www.heromotocorp.com


## 43वीं वार्षिक आम बैठक, ई-वोटिंग और लाभांश की सूचना

क. एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड (कंपनी) के सदस्यों की **43वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बुधवार, 5 अगस्त, 2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों (ओएवीएम)** के माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ("लिस्टिंग विनियम") के लागू प्रावधानों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) द्वारा जारी 5 मई, 2020 के सामान्य परिपत्र संख्या 20/2020 तथा इस संबंध में समय-समय पर जारी परवर्ती परिपत्रों, जिनमें नवीनतम 22 सितंबर, 2025 का सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 भी सम्मिलित है, के अनुपालन में आयोजित की जाएगी, ताकि एजीएम की सूचना में निर्धारित कारोबार का निष्पादन किया जा सके।

ख. लिस्टिंग विनियम तथा उपर्युक्त परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2025-26 की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट (Integrated Annual Report) तथा एजीएम की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेज दी गई हैं, जिनके ईमेल पते 3 जुलाई, 2026 तक डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी)/ रजिस्ट्रार एवं शेयर हस्तांतरण अभिकर्ता (आरटीए) के साथ पंजीकृत हैं। ये दस्तावेज़ कंपनी की वेबसाइट www.heromotocorp.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट, अर्थात् बीएसई लिमिटेड (बीएसई) की वेबसाइट www.bseindia.com, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) की वेबसाइट www.nseindia.com तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं। ईमेल के माध्यम से एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट भेजने का कार्य शुक्रवार, 10 जुलाई, 2026 को पूर्ण हो गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एजीएम की सूचना एवं एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु वेब-लिंक तथा क्यूआर कोड उपलब्ध कराने वाला एक पत्र उन सदस्यों को भी भेजा गया है, जिन्होंने अपने ईमेल पते डीपी/आरटीए के साथ पंजीकृत नहीं कराए हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में सम्मिलित होने की प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है।

### ग. रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम में ई-वोटिंग

भौतिक या अभौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, एनएसडीएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली (ई-वोटिंग) के माध्यम से वार्षिक आम बैठक की सूचना में उल्लिखित सभी व्यावसायिक मदों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। सदस्यों को यह भी सूचित किया जाता है कि:

i. वार्षिक आम बैठक की सूचना में निर्धारित कार्य रिमोट ई-वोटिंग या वार्षिक आम बैठक में ई-वोटिंग के माध्यम से किया जा सकता है।
ii. रिमोट ई-वोटिंग या वार्षिक आम बैठक में ई-वोटिंग द्वारा मतदान की पात्रता निर्धारित करने की अंतिम तिथि (कट-ऑफ तिथि) बुधवार, 29 जुलाई, 2026 है।
iii. रिमोट ई-वोटिंग शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026 को सुबह 9:00 बजे (आईएसटी) से शुरू होगी।
iv. रिमोट ई-वोटिंग मंगलवार, 4 अगस्त, 2026 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) पर समाप्त होगी।
v. रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल एनएसडीएल द्वारा मंगलवार, 4 अगस्त, 2026 को शाम 5:00 बजे (आईएसटी) के बाद निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
vi. एक बार किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर मतदान कर दिए जाने के बाद, उसे बाद में बदला नहीं जा सकता।
vii. ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम के दिन उन सदस्यों के लिए भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान अपना वोट नहीं डाला था।
viii. जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, लेकिन बैठक में दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
ix. वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में कट-ऑफ तिथि पर दर्ज है, केवल एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।
x. कोई भी व्यक्ति जो एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट तथा एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है तथा कट-ऑफ तिथि तक शेयर धारण करता है, वह evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेजकर अथवा 022-48867000 पर कॉल करके एनएसडीएल के ई-वोटिंग पोर्टल तक पहुँचने के लिए लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालाँकि, यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग के लिए पहले से ही एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो मौजूदा यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
xi. भौतिक मोड या अभौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों अथवा जिन्होंने डीपी/आरटीए के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उनके लिए रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम में ई-वोटिंग का तरीका एजीएम की सूचना पत्र में प्रदान किया गया है, जो कंपनी की वेबसाइट के साथ-साथ बीएसई, एनएसई तथा एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### घ. ईमेल पंजीकरण

ईमेल पता पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका:

i. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने केवाईसी विवरण और ईमेल पते निम्नलिखित लिंक पर जाकर पंजीकृत करवाएं: https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx अथवा हमारे आरटीए केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को einward.ris@kfintech.com पर लिख सकते हैं।
ii. डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों, जिनके पास उनका डीमैट खाता है, उनके साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत/अद्यतन करें।

### ङ. 43वीं वार्षिक आम बैठक में भागीदारी तथा ई-वोटिंग संबंधी सहायता

रिमोट ई-वोटिंग, एजीएम के दौरान ई-वोटिंग अथवा 43वीं वार्षिक आम बैठक में भागीदारी से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य नीचे दिए गए हस्ताक्षरकर्ता को द ग्रैंड प्लाजा, प्लॉट नंबर 2, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज - फेज-II, नई दिल्ली - 110070 पर लिख सकते हैं अथवा secretarialho@heromotocorp.com पर ईमेल कर सकते हैं या +91-11-46044220 पर संपर्क कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, ई-वोटिंग संबंधी प्रश्नों के लिए सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) तथा ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देख सकते हैं अथवा +91-22-48867000 पर कॉल कर सकते हैं या एनएसडीएल की उपाध्यक्ष (Deputy Vice President) सुश्री पल्लवी म्हात्रे को evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेज सकते हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान से संबंधित शिकायतों का भी समाधान करेंगी।

### च. लाभांश

कंपनी ने शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026 को अंतिम लाभांश हेतु सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने के उद्देश्य से रिकॉर्ड तिथि (Record Date) निर्धारित की है। यदि आगामी एजीएम में सदस्यों द्वारा अंतिम लाभांश अनुमोदित किया जाता है, तो उसका भुगतान 4 सितंबर, 2026 तक कर दिया जाएगा। लिस्टिंग विनियमों के अनुसार, अब लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ही किया जाएगा तथा लाभांश भुगतान के लिए पेयेबल-एट-पार वारंट, चेक अथवा ड्राफ्ट जारी नहीं किए जाएंगे। अतः सदस्यों से अनुरोध है कि वे लाभांश सीधे अपने बैंक खाते में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त करने के लिए अपने ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, हस्ताक्षर के नमूने तथा बैंक खाते का विवरण अद्यतन कराएं। यदि शेयर डीमैट रूप में धारित हैं तो संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) के साथ तथा यदि शेयर भौतिक रूप में धारित हैं तो रजिस्ट्रार एवं शेयर हस्तांतरण अभिकर्ता (आरटीए) के साथ उक्त विवरण अद्यतन करें। उपरोक्त विवरणों को अद्यतन न करने की स्थिति में लाभांश का प्रेषण नहीं किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, सेबी ने यह अनिवार्य किया है कि जिन सदस्यों के फोलियो में केवाईसी विवरण अद्यतन नहीं हैं, उन्हें लाभांश का भुगतान संबंधित विवरण उपलब्ध कराने के पश्चात ही इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जाएगा। अतः भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे 24 जुलाई, 2026 से पूर्व अपने केवाईसी विवरण कंपनी/आरटीए के साथ अद्यतन कर दें, ताकि लाभांश का इलेक्ट्रॉनिक भुगतान सुचारु रूप से किया जा सके। डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी के साथ अपना इलेक्ट्रॉनिक बैंक अधिदेश (Electronic Bank Mandate) अद्यतन रखें। कृपया ध्यान दें कि डिपॉजिटरी प्रतिभागी द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खाते के विवरण को डिपॉजिटरी के लागू विनियमों के अनुसार लाभांश भुगतान के लिए मान्य माना जाएगा।

### छ. भौतिक शेयरों के हस्तांतरण एवं डीमैटेरियलाइजेशन हेतु विशेष विंडो (Special Window) की सूचना

सेबी के परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुपालन में, कंपनी के शेयरधारकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 1 अप्रैल, 2019 से पूर्व क्रय/विक्रय की गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण (Transfer) एवं डीमैटेरियलाइजेशन (डीमैट) के लिए 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक की अवधि के लिए एक विशेष विंडो (Special Window) खोली गई है। यह विशेष विंडो उन हस्तांतरण अनुरोधों के लिए भी उपलब्ध होगी, जो पूर्व में प्रस्तुत किए गए थे, किंतु दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी अथवा अन्य किसी कारण से अस्वीकृत अथवा वापस कर दिए गए थे।

पात्र शेयरधारक अपने हस्तांतरण विलेख (Transfer Deed), मूल शेयर प्रमाणपत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर हस्तांतरण अभिकर्ता (आरटीए) केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर-बी, प्लॉट संख्या 31 एवं 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत – 500032 पर प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा einward.ris@kfintech.com पर ईमेल भेज सकते हैं।

इस अवधि के दौरान हस्तांतरण हेतु पुनः प्रस्तुत की गई प्रतिभूतियाँ केवल डीमैटेरियलाइज्ड (Dematerialized) स्वरूप में ही जारी की जाएंगी तथा हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि तक लॉक-इन रहेंगी। उक्त लॉक-इन अवधि के दौरान ऐसी प्रतिभूतियों का हस्तांतरण, ग्रहणाधिकार अंकित अथवा गिरवी नहीं किया जा सकेगा।

इस विशेष अवधि के संबंध में विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.heromotocorp.com पर उपलब्ध है।

यह सूचना कंपनी के सभी सदस्यों की जानकारी एवं हितार्थ जारी की जा रही है तथा यह एमसीए एवं सेबी द्वारा जारी लागू परिपत्रों के अनुपालन में है।

43वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट देखने हेतु क्यूआर कोड स्कैन करें

कृते हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड
प्रभात सिंह
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 10 जुलाई, 2026